इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शुक्रवार, 27 सितम्बर 2024
वर्ष 17 अंक 27 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी, उसमे अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।
-भगत सिंह

तापमान - अधिकतम 31.6°C (-1.6) न्यूनतम 26.2°C(+2.6) सेंसेक्स 85,836.12 (+666.25) निफ्टी 26,216.05 (+211.90) सोना 77,170 चांदी 92,000 मुद्रा - डालर 83.64 दिरहम 22.77 रियाल 22.30

विशेषज्ञों व छात्रों के आकर्षण का केन्द्र बनी एरा की तकनीक



लखनऊ (ब्यूरो)। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दूसरे दिन गुरुवार को हेल्थकेयर और मेडिकल शिक्षा पर आधारित एरा विश्वविद्यालय द्वारा डिजाइन और अविष्कार किये गये अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण आकर्षण का केन्द्र बना रहा। बड़ी संख्या में चिकित्सकों,

कई संस्थानों ने किया नवचार साझा करने का अनुरोध

विशेषज्ञों और छात्रों ने एरा विश्वविद्यालय के स्टाल का भ्रमण किया और तकनीक को बारिकी से समझा। सीरिया, जिम्बाव्बे और कामरून सहित कई देशों के प्रतिनिधियों ने भी वहां जाकर एरा द्वारा डिजाइन और अविष्कार किये गये अत्याधुनिक चिकित्सा हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और प्रशिक्षण उपकरणों की खूब सराहना की।

एरा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी हरि शंकर ने बताया कि विभिन्न कालेजों से आये मेडिकल और नर्सिंग छात्रों ने स्मार्ट मैनिकिन्स के जरिये सीपीआर विधि को सीखा। बुलन्दशहर सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और गौतमबुद्धनगर जिले के सीएमओ ने एरा द्वारा विकसित तनकीक को साझा करने के लिए आमंत्रित किया। हरि शंकर ने एसडीआरएफ की टीम तो स्मार्ट मैनिकिन्स इतना प्रभावित हुई कि उसने उसे अपने पास रखने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दूसरी बार आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया था। यह ट्रेड शो 29 सितम्बर तक चलेगा।